AICTE Unveils 13 Hindi Books on Technical and Management Education

New Delhi, January 10, 2025:

The All India Council for Technical Education (AICTE) celebrated *World Hindi Day* by promoting the use of Hindi in technical and management education. Prof. Rajive Kumar, Member Secretary of AICTE, marked the occasion by releasing 13 books written in Hindi under the Financial Assistance Scheme for publishing manuscripts on technical and management subjects. The authors of these manuscripts were also present at the event.

In his address, Prof. Rajive Kumar underscored the importance of making technical and management education more accessible to Hindi-speaking audiences. He lauded the pioneering initiative of publishing books on these specialized subjects in Hindi, calling it a milestone in inclusive education. He further praised AICTE Chairman Prof. T.G. Sitharam for his vision and efforts in fostering linguistic inclusivity in higher education. Prof. Kumar emphasized that these books are not limited to faculty and students but also aim to serve as a resource for the general public, bridging the language gap in education.

The 13 books launched cover diverse topics, including science and technology, environmental studies, painting, art, and policies inspired by Indian values, in alignment with the National Education Policy (NEP) 2020. This initiative reflects AICTE's commitment to promoting Indian languages and cultural identity in education.

Authors briefly introduced their works during the event and expressed gratitude to AICTE and Hariyana Granth Academy, Panchkula for publishing the books. The initiative is a significant step toward empowering Hindi-speaking individuals by providing them with high-quality educational resources in their native language.

AICTE's efforts demonstrate its dedication to fostering inclusivity, ensuring that education, particularly in technical and management fields, becomes a tool for empowerment across linguistic and cultural boundaries.

एआईसीटीई ने तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा पर 13 हिंदी पुस्तकों का विमोचन किया

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2025:

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा में हिंदी को बढ़ावा देकर विश्व हिंदी दिवस मनाया। इस अवसर पर एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने तकनीकी और प्रबंधन विषयों पर पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत हिंदी में लिखी गई 13 पुस्तकों का विमोचन किया। इस दौरान इन पुस्तकों के लेखक भी मौजूद रहे।

अपने संबोधन में प्रो. राजीव कुमार ने तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा को हिंदी भाषी पाठकों के लिए और अधिक सुलभ बनाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इन विषयों पर हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित करने की पहल की सराहना की और इसे समावेशी शिक्षा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने उच्च शिक्षा में भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम के प्रयासों की भी प्रशंसा की। प्रो. कुमार ने कहा कि ये पुस्तकें केवल संकाय सदस्यों और छात्रों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये सभी के लिए ज्ञान प्राप्त करने का संसाधन हैं।

इन 13 पुस्तकों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण अध्ययन, चित्रकला, कला और भारतीय मूल्यों से प्रेरित नीतियों सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है। यह पहल शिक्षा में भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लेखकों ने कार्यक्रम के दौरान संक्षेप में अपनी पुस्तक का परिचय दिया और इनके प्रकाशन के लिए एआईसीटीई व हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला के प्रति आभार व्यक्त किया।

यह पहल हिंदी भाषी व्यक्तियों को उनकी मूल भाषा में उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधन प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एआईसीटीई के प्रयास समावेशिता को बढ़ावा देने के प्रति उसके समर्पण को प्रदर्शित करते हैं।